# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग

बिहार सरकार

विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in


पत्रांक : BRLPS/LSBA/ESH/328/20/149 दिनांक : 02.07.2020

प्रेषक,

राजीव कुमार सिंह, बि०प्र०से०,
प्रशासी पदाधिकारी-सह-राज्य समन्वयक ।

सेवा में,

सभी उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष,
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार ।

**विषय :-** **लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान की मासिक ई-पत्रिका तथा सोशल मीडिया द्वारा प्रचार-प्रसार हेतु नियमित रूप से विषय-वस्तु/ सामग्री उपलब्ध कराने के संबंध में ।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक अंकित करना है कि राज्य कार्यालय स्तर से सोशल मीडिया यथा ट्विटर (@LSBA_Bihar) एवं फेसबुक के माध्यम से अभियान संबंधी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है । साथ ही, इसी माह से लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान की ई-पत्रिका का प्रकाशन भी कराया जाना है । इस पत्रिका में जिला/प्रखंड/ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित विविध गतिविधियों, आयोजनों आदि का संकलन किया जाएगा । अतएव अपेक्षित होगा कि निम्नलिखित विषय-वस्तु/ सामग्रियाँ नियमित अंतराल पर प्रेषित की जाएँ, जिनके यथोचित संपादन उपरान्त ई-पत्रिका/ सोशल मीडिया हेतु उपयोग किया जा सके-

- आपके जिले में आयोजित नियमित गतिविधियाँ, बैठक, विशेष आयोजन इत्यादि ।
- आपके जिले के Best Practices का Write-up (हिन्दी अथवा अंग्रेजी) ।
- आपके जिले की News Clippings
- Before & After तस्वीरें (शौचालय बनने के पूर्व तथा बाद- दोनों तस्वीर लेने का प्रयास किया जाए)।
- CSC/ IHHL की तस्वीरें ।
- परियोजना के हित में कोई अन्य नवोन्मेषी विषय-वस्तु ।

**<u>तस्वीर खींचने हेतु विशेष निर्देश :-</u>**

- तस्वीरों को खींचते समय कोशिश की जाए कि फोन की सेटिंग्स से फोन की कंपनी का नाम अंकित करने वाला विकल्प हटा हुआ हो ।
- एक ही कार्यक्रम/गतिविधि की तस्वीरों के अंकन में विविधता लाने की कोशिश की जाए । उदाहरणार्थ CSC/ IHHL को दर्शाने के लिए इसके विविध आयामों यथा इसकी Single तस्वीर, लाभार्थी/ लाभार्थियों के साथ तस्वीर, Before & After तस्वीरों का सहारा लिया जा सकता है ।

**Best Practices के Write-up हेतु फॉर्मेट :-**

- जिला का नाम-
- प्रखंड का नाम-
- ग्राम पंचायत का नाम-
- लाभार्थी का नाम-
- लाभार्थी का समुदाय-
- लाभार्थी को शौचालय बनाने की प्रेरणा कहाँ से मिली-
- लाभार्थी को किस प्रकार शौचालय का महत्व समझ में आया-
- लाभार्थी के जीवन अथवा उसके परिवेश/ग्राम में क्या परिवर्तन आया है-
- कोई विशेष टिप्पणी, जो Write-up में सहायक हो-
- अनुलग्नक (तस्वीरें इत्यादि)।

उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य गतिविधि के Write-up (हिन्दी अथवा अंग्रेजी) के विवरण हेतु भी पर्याप्त जानकारी उपलब्ध कराया जाना अपेक्षित होगा ।

अतएव अनुरोध होगा कि उपरोक्त वर्णित विषय-वस्तु/ सामग्री कार्यालय के ई-मेल lsbabihar@gmail.com तथा rajeshchandra.lsba@gmail पर नियमित रूप से उपलब्ध कराने हेतु जिला -सलाहकार-IEC/CB को निदेशित करने की कृपा की जाए । सुविधा के दृष्टिकोण से इसे IEC/CB के WhatsApp Group पर भी प्रेषित किया जा सकता है ।

विश्वासभाजन

01/07/2020

(राजीव कुमार सिंह)

**ज्ञापांक:** BRLPS/LSBA/ESH/328/20/149 **दिनांक :** 02.07.2020

प्रतिलिपि: सभी जिला समन्वयक/जिला सलाहकार, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : सभी जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

01/07/2020.

(राजीव कुमार सिंह)